
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

पुण्यतिथि विशेष

**19 दिसम्बर 2025**

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अन्याय सहना उतना ही बड़ा अपराध है

जितना कि अपराध करना।



राम प्रसाद बिस्मिल

( क्रांतिकारी )

जन्म : 11 जून 1897 मृत्यु : 19 दिसम्बर 1927

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

19 दिसंबर

## मधु प्रिया

# गोवा एवं दमन मुक्ति दिवस 19 दिसंबर



गोवा एवम दमन मुक्ति दिवस प्रति वर्ष **'19 दिसम्बर'** को मनाया जाता है। भारत को यूं तो **1947** में ही आज़ादी मिल गई थी, लेकिन इसके **14** साल बाद भी गोवा पर पुर्तग़ाली अपना शासन जमाये बैठे थे। **19** दिसम्बर, **1961** को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय अभियान' शुरू कर गोवा, दमन और दीव को पुर्तग़ालियों के शासन से मुक्त कराया था। गोवा मुक्ति आंदोलन छोटे पैमाने पर एक विद्रोह के रूप में शुरू हुआ लेकिन वर्ष **1940** से **1960** के बीच अपने चरम पर पहुँच गया। वर्ष **1961** में पुर्तगालियों के साथ राजनयिक प्रयासों की विफलता के बाद भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन विजय चलाकर **19** दिसंबर को दमन और दीव तथा गोवा को भारतीय मुख्य भूमि के साथ मिला लिया गया।भारतीय नौसेना के जहाज गोमांतक में युद्ध स्मारक का निर्माण सात युवा वीर नाविकों और अन्य कर्मियों की याद में किया गया था, जिन्होंने **19** दिसंबर **1961** को अंजेदिवा द्वीप और क्षेत्रों की मुक्ति के लिए भारतीय नौसेना द्वारा किए गए " ऑपरेशन विजय **(1961)** " में अपने प्राणों की आहुति दी थी ।

# जन्मदिन विशेष 19 दिसम्बर




**प्रतिभा देवी सिंह पाटिल** (जन्म- 19 दिसम्बर, 1934 जलगाँव, महाराष्ट्र) स्वतंत्र भारत के 60 साल के इतिहास में, मध्य वित्त परिवार से उठकर देश के सर्वोच्च पद तक पहुँचने वाली प्रथम महिला राष्ट्रपति हैं। इन्हें भारत का बारहवाँ निर्वाचित राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ हैं। इनका राष्ट्रपति बनना नारी शक्ति के सन्दर्भ में एक महत्त्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 21 जुलाई, 2007 का दिन इस कारण काफ़ी महत्त्वपूर्ण माना जाता रहेगा, क्योंकि देश की आज़ादी के साठ वर्ष बाद एक महिला को प्रथम बार एक राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने का मौक़ा मिला।

# TOB
# खेल कॉर्नर

# वैभव सूर्यवंशी

## 4 रोचक फैक्ट्स

**सबसे कम उम्र में IPL कॉन्ट्रैक्ट**
RR ने 2025 मेगा ऑक्शन में 13 साल के वैभव को ₹1.1 करोड़ में खरीदा।

**IPL डेब्यू की पहली गेंद पर छक्का लगाया**
19 अप्रैल 2025 को LSG के खिलाफ पहली बॉल पर शार्दूल ठाकुर को सिक्स मारा।

**IPL में सबसे तेज भारतीय शतक बनाया**
35 गेंदों में GT के खिलाफ शतक। वे IPL इतिहास के सबसे तेज भारतीय सेंचुरियन।

**IPL शुरू होने के बाद पैदा हुए**
27 मार्च 2011 को पैदा हुए थे। जबकि IPL 2008 में शुरू हुआ।



Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.12.2025

## व्याख्या

व्याख्या (Explanation) का अर्थ है किसी विषय, विचार, पाठ, या घटना को विस्तार से समझाना, ताकि वह स्पष्ट और बोधगम्य हो जाए; इसमें किसी मुश्किल बात का अर्थ बताना, वर्णन करना, या उसके कारणों और संदर्भ को समझाना शामिल है, जिससे गहरी समझ पैदा हो और संचार बेहतर हो सके।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





एक अनोखा अंतरिक्ष नज़ारा देखने के लिए तैयार हो जाइए! 13 अप्रैल 2029 को एक क्षुद्रग्रह एपोफिस (Apophis) पृथ्वी के बेहद करीब से गुज़रेगा–सिर्फ 32,000 किलोमीटर से भी कम दूरी पर! इस दिन एपोफिस इतना पास होगा कि इसे नंगी आँखों से भी देखा जा सकेगा। यह घटना बेहद रोमांचक और दुर्लभ होगी!

Teachers Of Bihar

# आओं सीखें

## शिक्षण शैली

शिक्षण शैली शिक्षक का व्यक्तिगत ढंग होता है, जिसके माध्यम से वह पढ़ाता है। इसमें उसकी भाषा, समझाने का तरीका, उदाहरण और व्यवहार शामिल होते हैं। यह हर शिक्षक में अलग-अलग हो सकती है।

जैसे : - एक शिक्षक कहानी सुनाकर और बच्चों से सवाल पूछकर पढ़ाता है, जबकि दूसरा वही पाठ चित्र बनाकर और उदाहरण देकर समझाता है। दोनों की शिक्षण शैली अलग है।

VS

## शिक्षण पद्धति

शिक्षण पद्धति पढ़ाने की निश्चित और स्वीकृत विधि होती है। जैसे— व्याख्यान पद्धति, प्रश्नोत्तर पद्धति, गतिविधि आधारित पद्धति आदि। इसका उपयोग सभी शिक्षक कर सकते हैं।

जैसे : - यदि शिक्षक पहले विषय समझाता है, फिर प्रश्न पूछता है और अंत में अभ्यास कराता है, तो यह प्रश्नोत्तर पद्धति या व्याख्यान पद्धति कहलाती है।

**संक्षेप में :-**

- **शिक्षण शैली = कैसे शिक्षक पढ़ाता है (व्यक्तिगत तरीका)**
- **शिक्षण पद्धति = किस विधि से पढ़ाता है (तय तरीका)**

# पद्य पंकज

"


विश्राम थकान का साथी है।
जो थकता है, विश्राम चाहता है,
जो रास्ते पर है, उसे विश्राम कैसा?

**हजारी प्रसाद द्विवेदी**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बूझो तो जानें..
547
ऐसी कौन सी चीज है जो हमेशा आगे बढ़ती है, लेकिन कभी पीछे नहीं जाती..... बुझो तो जानें ?
समय
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की
क्रान्तिकारी धारा के एक प्रमुख सेनानी
पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल'
पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म-11 जून 1897 - मृत्यु- 19 दिसम्बर 1927
Madhu priya
/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति

# प्रतिभा देवी सिंह पाटिल

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

19 दिसंबर 1934

www.teachersofbihar.org

Madhu priya